श्री रघुवीर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है

श्री रघुवीर जी के अवधपुरी में , प्राण प्रतिष्ठा होना है
निमंत्रण को स्वीकार करो , अब सबको अयोध्या चलना है ,
जय बजरंगी जय हनुमान , वंदे मातरम् जय श्री राम
श्री राम जय राम जय जय राम , वंदे मातरम् जय श्री राम

१. इस मंदिर को पाने हेतु , बार बार संघर्ष हुआ
रामभक्तो के बलिदानों से , मंदिर बनकर खड़ा हुआ
अब मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा –2 , धूम धाम से होना है
निमंत्रण को स्वीकार करो.........

२. पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी को , प्राण प्रतिष्ठा होना है
मन्दिर में भजन कीर्तन हो , घर घर दिया जलाना है
मन्दिर भव्य बनाकर हमने –2 अपना वचन निभाया है
निमंत्रण को स्वीकार करो.........

३. गांव गांव के मंदिर मठ में , सबको एकत्रित करना है
श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा , जन जन को दिखलाना है
श्री राम की प्रथम आरती –2 मिलकर सबको गाना है
निमंत्रण को स्वीकार करो........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33562/title/Shri-Raghuvir-ji-ke-avadhpuri-me-pran-pratishtha-hona-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |